देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 17 अंक: 18 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...यूक्रेन में चार न्यूक्लियर पावर प्लांट




# पेज श्री

देहरादून, शनिवार, 16 अप्रैल 2022




मौसम अधिकतम 34.0° न्यूनतम 22.0°

41243.40

2 इमरान को पीओके में भी झटका

7 रूट ने छोड़ी इंग्लैंड टेस्ट टीम की कप्तानी

# 10 सालों में देश को मिलेंगे रिकार्ड डाक्टर

## पीएम मोदी ने दिया भुजवासियों को 200 बेड वाले अस्पताल का तोहफा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। पीएम नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के भुज को बड़ा तोहफा दिया है। मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए भुज में केके पटेल सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का उद्घाटन किया। 200 बिस्तरों वाले इस अस्पताल का निर्माण श्री कच्छी लेवा पटेल समाज की ओर से किया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, यह 200 बिस्तरों वाला कच्छ का पहला धर्मार्थ सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल है।


पीएम ने अस्पताल के उद्घाटन के बाद जनता को संबोधित भी किया। मोदी ने कहा कि भूकंप से मची तबाही को पीछे छोड़कर भुज और कच्छ के लोग अब अपने परिश्रम से इस क्षेत्र का नया भाग्य लिख रहे हैं। बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सिर्फ बीमारी के इलाज तक ही सीमित नहीं होती हैं, ये सामाजिक न्याय को प्रोत्साहित करती हैं। जब किसी गरीब को सस्ता और उत्तम इलाज सुलभ होता है, तो उसका व्यवस्था पर भरोसा मजबूत होता है।

भूकंप से मची तबाही को पीछे छोड़कर भुज और कच्छ के लोग अब अपने परिश्रम से इस क्षेत्र का नया भाग्य लिख रहे हैं। आज इस क्षेत्र में अनेक आधुनिक मेडिकल सेवाएं मौजूद हैं। इसी कड़ी में भुज को आज एक आधुनिक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल मिल रहा है। मोदी ने कहा कि 200 बेड का ये सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल कच्छ के लाखों लोगों को सस्ती और बेहतरीन इलाज की सुविधा देने वाला है। ये हमारे सैनिकों, अर्धसैनिक बलों के परिवारों को और व्यापार जगत के अनेक लोगों के लिए भी उत्तम इलाज की गारंटी बनकर सामने आने वाला है।

देश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज के निर्माण का लक्ष्य हो या फिर मेडिकल एजुकेशन को सबकी पहुंच में रखने के प्रयास, इससे आने वाले 10 सालों में देश को रिकॉर्ड संख्या में नए डॉक्टर मिलने वाले हैं। आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन से मरीजों के लिए सुविधाएं और बढ़ेंगी। आयुष्मान हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के माध्यम से आधुनिक और क्रिटिकल हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर को जिला और ब्लॉक स्तर तक पहुंचाया जा रहा है।

### अस्पताल में ये सुविधाएं मिलेंगी

पीएमओ ने कहा, अस्पताल में इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी (कैथलैब), कार्डियोथोरेसिक सर्जरी, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी, न्यूक्लियर मेडिसिन, न्यूरो सर्जरी, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट और अन्य सहायक सेवाएं जैसे प्रयोगशाला, रेडियोलॉजी जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इसके अलावा, पीएमओ ने कहा ये अस्पताल क्षेत्र के लोगों सस्ती कीमत पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देगा।



### डिजिटल हेल्थ मिशन से मरीजों के लिए सुविधाएं

मोदी ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना और जन औषधि योजना से हर साल गरीब और मिडिल क्लास परिवारों के लाखों करोड़ रुपये इलाज में खर्च होने से बच रहे हैं। आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन से मरीजों की सुविधाएं और बढ़ेगी। आयुष्मान हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के माध्यम से आधुनिक और क्रिटिकल हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर को जिला और ब्लॉक स्तर तक पहुंचाया जा रहा है।।

### भुज व कच्छ के लोग लिख रहे नया भाग्य

प्रधानमंत्री ने कहा कि, भूकंप से मची तबाही को पीछे छोड़कर भुज व कच्छ के लोग अब अपने परिश्रम से इस क्षेत्र का नया भाग्य लिख रहे हैं। आज इस क्षेत्र में मेडिकल सुविधाएं मौजूद हैं। इसी कड़ी में भुज को आज एक आधुनिक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल मिला है। यह अस्पताल लोगों को सस्ती कीमत पर अच्छी गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराएगा। दो दशक पहले, गुजरात में केवल 1100 सीटों वाले नौ मेडिकल कॉलेज थे। आज हमारे पास 36 से अधिक मेडिकल कॉलेज हैं, जहां 6000 सीटें उपलब्ध हैं। इस दौरान उन्होंने बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का अर्थ बताया और कहा कि ये केवल बीमारियों के इलाज तक ही सीमित नहीं हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### देश में कोरोना के एक हजार से कम नए मामले

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। देश में कोरोना के एक हजार से कम मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बीते 24 घंटे में देश में कोरोना के 949 नए मामले सामने आए हैं। बता दें कि भारत में दो दिन बाद एक हजार से कम मामले दर्ज किए गए हैं। इससे पहले, 12 अप्रैल को 1,088 और 13 अप्रैल को 1,007 मामले सामने आए थे। इसी बीच कोरोना के कारण 6 लोगों की मौत भी हुई है। अब तक कुल 5,21,743 लोगों की कोरोना से मौत हो चुकी है।

### पीएम मोदी और वियतनाम के टाप लीडर में बातचीत

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव गुयेन फु ट्रोंग से बात की। रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रोंग के साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान–प्रदान किया। इसमें यूक्रेन में जारी संकट और दक्षिण चीन सागर की स्थिति शामिल है।

## पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर भारत में मौसम में बदलाव

### दिल्ली, चंडीगढ़ और राजस्थान समेत देश के कुछ हिस्सों में चलेगी भीषण लू

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर पश्चिम भारत और मध्य प्रदेश में 17 अप्रैल तक भीषण लू जारी रहेगी। मौसम विभाग ने यह भी कहा कि तमिलनाडु, पुडुचेरी–कराइकल, केरल–माहे, असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में आज से 17 अप्रैल तक बारिश का दौर शुरू रहेगा। मौसम की जानकारी देते हुए आइएमडी ने कहा कि अगले 5 दिनों के दौरान अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय और नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में गरज और बिजली चमकने के साथ भारी बारिश होने की संभावना है।

15 और 17 अप्रैल के दौरान अरुणाचल प्रदेश और असम, मेघालय में बारिश होने के आसार हैं। 17 अप्रैल को नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में भारी बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने कहा कि अगले 5 दिनों के दौरान केरल–माहे, तमिलनाडु और कर्नाटक में गरज और बिजली चमकने के साथ मध्यम बारिश होगी। अगले 5 दिनों के दौरान आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में गरज और चमक के साथ छिटपुट बारिश होगी।

इसके साथ ही मौसम विभाग ने कहा कि 15 और 17 अप्रैल के दौरान तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों में भारी बारिश होने की संभावना है। 17 अप्रैल को कर्नाटक के कई हिस्सों में भी भारी बारिश हो सकती है।

15 से 19 अप्रैल के दौरान पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और राजस्थान के अलग–अलग इलाकों में लू (हीट वेव) चलने की संभावना है। 15 से 18 अप्रैल के दौरान हिमाचल प्रदेश में लू चल सकती है। 16 से 18 अप्रैल के दौरान जम्मू के कई क्षेत्रों पर गर्म हवाएं चलेगी। 17 से 19 अप्रैल के दौरान उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में लू चलने की चेतावनी जारी की गई है।

### इन राज्यों में भारी बारिश की संभावना

स्काईमेट वेदर के मुताबिक आज असम, अरुणाचल प्रदेश और मेघालय के कुछ हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। पूर्वोत्तर भारत के बाकी हिस्सों, केरल, तमिलनाडु, दक्षिण कर्नाटक और लक्षद्वीप में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और लद्दाख में कुछ स्थानों पर मध्यम बारिश हो सकती है।

## पीएम मोदी से उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने की मुलाकात



संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने दिल्ली प्रवास के दौरान शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास पर प्रधानमंत्री नरेन्ध्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को केदारनाथ मंदिर का प्रतीक चिह्न एवं हाथ से बना हुआ आसन भी भेंट किया।

भेंट वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री ने भी उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष को शुभकामनाएं दी। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विधानसभा अध्यक्ष से उत्तराखंड के विकास से संबंधित विभिन्न विकास योजनाओं के बारे में बातचीत की।

वहीं, प्रधानमंत्री ने ऋतु खंडूड़ी से महिला विधानसभा अध्यक्ष के रूप में प्रथम बार सदन के संचालन के उनके अनुभव पर भी जानकारी ली। विधानसभा अध्यक्ष बनने के बाद ऋतु खंडूड़ी की यह प्रधानमंत्री से पहली मुलाकात है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री के मार्ग दर्शन एवं आशीर्वाद के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

### भेंट

■केदारनाथ मंदिर का प्रतीक चिह्न किया भेंट


Are you Planning to make a Website or already have ?

If yes, then we are here to serve you

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


## 8 लाख लोगों के अमरनाथ यात्रा करने की उम्मीद

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

जम्मू। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के प्रकोप के चलते दो वर्ष तक बाबा अमरनाथ की वार्षिक यात्रा बंद रही, जो इस साल 30 जून से 11 अगस्त को आयोजित की जाएगी। अभी से यात्रा के लिए जोरों शोरों से तैयारियां शुरू कर दी गई है। यात्रा की तैयारियों के मद्देनजर शुक्रवार यानी आज शीर्ष प्रशासनिक और सुरक्षा अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक की गई, जिसमें कई अहम फैसले लिए गए हैं। इस बार की अमरनाथ यात्रा में करीब 8 लाख लोगों के आने की संभावना है।

श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड के सीईओ नीतीशवार कुमार ने बताया कि इस बार अमरनाथ यात्रा के लिए कड़ी सुरक्षा का बंदोबस्त किया जाएगा। उन्होंने कहा तीर्थयात्रा 43 दिनों के लिए 30 जून से 11 अगस्त को आयोजित की जाएगी। तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, तीर्थयात्रियों की आवाजाही पर नजर रखने के लिए रेडियो फ्रीक्वेंसी पहचान का उपयोग किया जाएगा। साथ ही टट्टू संचालकों के लिए बीमा कवरेज अवधि बढ़ाकर 1 वर्ष कर दी गई है।

### कड़ी सुरक्षा के बीच 30 जून से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा